## एक नजर में

### श्री वल्लभाचार्य जन्म महोत्सव

**बुरहानपुर।** प्रभु श्री गोकुलचंद्र मा जी की कृपा से पूण् श्री 108 श्री मिलन बाबाश्री के आशीर्वाद से जगत गुरु श्री आचार्य श्री महाप्रभुजी का 549 वा जन्मोत्सव सोमवार 13 अप्रैल को है, इस शुभ अवसर पर श्री गोकुलचंद्रमाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक सप्ताह का कार्यक्रम भागवत् भूषण श्रीहरिकृष्ण भाई मुखियाजी एवं मंदिर अध्यक्ष श्री हेमेंद्र गोविंदजीवाला के सानिध्य में मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है,जिसमें श्री महाप्रभुजी के विविध उत्सव हटरी मनोरथ बैठक जी मनोरथ रथ यात्रा मनोरथ पुष्प कुंज का मनोरथ राज दरबार का मनोरथ का आयोजन रहेगा। श्री अष्टसखा वार्ता' श्री आदित्य भाई मुखिया जी द्वारा दिनांक 07 अप्रैल से 13 अप्रैल सुबह 7.30 बजे से 8.15 बजे तक अष्टसखाओं पर प्रवचन रहेंगे। हेमेंद्र गोविन्दजीवाला, अध्यक्ष, श्री गोकुलचंद्रमाजी मंदिर ट्रस्ट बुरहानपुर ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7.00 बजे से श्री सर्वोत्तम स्तोत्र के सामूहिक पाठ होंगे। दिनांक 07/04/2026 मंगलवार से 13/04/2026 तक समय प्रात:काल.7.00 बजे स्थान मंदिर परिसर में अवश्य पधारें।

### बुरहानपुर ताप्ती सेवा समिति ने किया हनुमान भक्तों का शॉल और श्रीफल से सम्मान

**बुरहानपुर।** हनुमान जयंती के अवसर पर बुरहानपुर जिले के रास्तीपुरा स्थित हनुमान मंदिर में महाप्रसादी ;भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। जहां बुरहानपुर ताप्ती सेवा समिति द्वारा तीन हनुमान भक्तों का शॉल और श्रीफल से स्वागत किया गया। ताप्ती सेवा समिति के अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत ने बताया कि भक्तों के उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए कृष्णा कौशिक महाजन, कृष्णा महाजन, मनीष महाजन, नवनीत महाजन, इंद्रपाल का स्वागत किया गया। ताप्ती सेवा समिति के अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत ने बताया कि भक्तों के उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए श्री कृष्णा कौशिक महाजन, कृष्णा महाजन, मनीष महाजन, नवनीत महाजन, इंद्रपाल का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा हनुमान जी का महत्व हमारे जीवन में बहुत है। वे शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। आज के इस भंडारे में हम सभी को प्रसादी वितरण कर रहे हैं और दान की महत्ता को समझ रहे हैं। इस अवसर पर इस अवसर पर ताप्ती सेवा समिति के अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत,राजेश भगत सचिव धर्मेंद्र सोनी, पुनीत सांखले, विजय राठौड़, अजय राठौर समेत अन्य उपस्थित रहे।



### हनुमान जन्मोत्सव पर अनोखी पहल... इलेक्ट्रोपैथी डॉक्टरों ने किया रक्तदान, 35 यूनिट रक्त संग्रहित



**बुरहानपुर।** श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर इलेक्ट्रोपैथी प्रैक्टिशनर एसोसिएशन द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पहली बार डॉक्टर यूनियन के सदस्यों ने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सामूहिक रूप से रक्तदान किया, जिसमें कुल 35 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम अजमेर सिंह गौंड अधिवक्ता आदित्य प्रजापति,रोगी कल्याण समिति के पंकज नाटानी, प्रभारी सीएचएमओ,डॉ.एलडीएस फुंकवाल,अस्पताल प्रभारी डॉ भूपेंद्र गौर की उपस्थिति में संगठन के सभी डॉक्टरों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर एसडीएम अजमेर सिंह गौंड ने आयोजन की सराहना करते हुए संगठन का आभार व्यक्त किया। अधिवक्ता आदित्य प्रजापति ने मार्गदर्शन देते हुए इस पहल को सराहनीय बताया। संगठन के अध्यक्ष डॉ दीपक वाभले ने बताया कि जिस प्रकार रक्तदान में सभी डॉक्टरों ने बढ़. चढ़कर भाग लिया, उसी प्रकार समय.समय पर डॉक्टरों को टीबी,मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत हो सकें। रक्तदान के पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें डॉ प्रवीण पाटिल, डॉ धर्मेंद्र महाजन, डॉ जितेंद्र महाजन, डॉ गोकुल बोरवनकर,डॉ योगेश महाजन,डॉ प्रशांत पाटिल,डॉ रविंद्र पाटिल, डॉ इमरान कुरैशी, डॉ यूनुस कुरैशी, डॉ प्रमोद चौहान,डॉ सतेंद्र महाजन, डॉ योगेश हटकर,डॉ शिंदे, डॉ किशोर महाजन, डॉ पवन यादव सहित अन्य डॉक्टर शामिल रहे।

### बारिश, तेज हवाएं चली, मकान पर पेड़ गिरा



**नेपानगर।** नगर में गुरूवार रात मौसम का मिजाज बदलने से मौसम में ठंडक आ गई तो वहीं तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकी। इस दौरान नगर पालिका के सामने एक एलटी बिजली लाइन पर पेड़ गिर गया। इससे बिजली गुल हो गई। दूसरे दिन बिजली कंपनी की टीम ने सुधार कार्य कराया। वहीं बेमौसम बारिश होने से किसान खासे चिंतित हैंए क्योंकि इससे फसलों पर खासा असर पड़ेगा। खासकर केला फसल पर इसका असर अधिक देखने को मिल रहा है।

### गौसेवक योगेश होलानी का अभिनंदन



**इंदौर.** गोकुलम सेवा न्यास द्वारा संचालित रेशम केंद्र यशवंत सागर स्थित गोकुलम गौशाला में पिछले 8 वर्षों से निशुल्क सेवा देने वाले शहर के गौसेवक योगेश होलानी का गौशाला द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह में अभिनन्दन किया गया. इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शक मंडल सदस्य हुकुमचंद सांवला, वीरेंद्र धाकड़, अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, उद्योगपति वासु टिबडेवाल, प्रवीण मुरारका, राजेश गर्ग, ओम प्रकाश अग्रवाल, एसपी बंसल, संजय अग्रवाल, भरत केडिया, नंदकिशोर अग्रवाल, अमित मोदी, मनीष गुप्ता, विनोद खेमका, मुकेश जैन, देवकीनंदन अग्रवाल, अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में इंदौर के उद्योग जगत से जुड़े उद्योगपति, समाजसेवी एवं कई संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे. होलानी पिछले कई वर्षों से बीमार, बुजुर्ग, लाचार और समाज द्वारा छोड़ी गई गौमाता की सेवा में कार्यरत हैं.

# विधायक चिटनिस ने किया आंधी-बारिश प्रभावित फसलों का निरीक्षण

## उचित आंकलन के अधिकारियों को निर्देश





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिले में हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान और असमय वर्षा से प्रभावित किसानों की पीड़ा साझा करने के लिए विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने शुक्रवार को प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा किया। उन्होंने ग्राम मोहद, खामनी, मालवीर सहित आसपास के कई गांवों में पहुंचकर खेतों में जाकर फसलों को हुए भारी नुकसान का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया तथा किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

दौरे के दौरान चिटनिस ने देखा कि तेज हवाओं और तूफान के कारण खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह जमीन पर गिर गई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर किसानों के मकानों की छतें-टपरें एवं अन्य संरचनाएं भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से चर्चा कर नुकसान के पारदर्शी आंकलन के निर्देश दिए।

चिटनिस ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी हैं और नुकसान की भरपाई के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत दिलाने के लिए शासन स्तर पर प्रभावी पहल की जाएगी,ताकि उन्हें शीघ्र मुआवजा मिल सके और वे दोबारा खेती के लिए तैयार हो सकें। विधायक अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर कलेक्टर से चर्चा कर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वे दल गठित करने की बात कह। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल पटवारी स्तर पर सर्वे करने से प्रक्रिया में विलंब होगा। इसलिए बहु.स्तरीय दल बनाकर व्यापक सर्वे कराया जाए,ताकि प्रभावित किसानों को जल्द राहत मिल सके।

उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य में तेजी लाते हुए आरबीसी 4 के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर किसानों को शीघ्र क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि यह समय संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय का है और प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना चाहिए।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, जिला कृषि समिति अध्यक्ष किशोर पाटिल, गुलचंद्रसिंह बर्ने, दिनकर महाजन, भगवत पाटिल एवं किरण पाटिल सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और किसानों को भरोसा दिलाया कि उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। चिटनिस ने कहा कि किसान प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। वे निरंतर प्रशासन के संपर्क में रहकर यह सुनिश्चित करेंगी कि किसान को राहत से वंचित न रहना पड़े।

# रेल मंत्री से मिले सांसद, बुरहानपुर में ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

## केंद्रीय रेल मंत्री ने दिया भरोसा इन मांगों का भी होगा निराकरण



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने अपने संसदीय क्षेत्र की रेल सुविधाओं को लेकर लगातार पहल करते हुए एक हफ्ते में दूसरी बार केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। नई दिल्ली में उन्होंने खंडवा,बुरहानपुर और नेपानगर क्षेत्र की लंबित रेल मांगों को प्रमुखता से रखते हुए आग्रह किया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए डीआरयूसीसी सदस्य पंकज नाटानी ने बताया कि सांसद पाटील ने रेल मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए क्षेत्र के यात्रियों की समस्याओं को रखा।

**इन ट्रेनों के स्टॉपेज की रखी मांग:-** बुरहानपुर रेलवे स्टेशन के लिए सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने ट्रेन संख्या 12533/34 लखनऊ/मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस तथा 07053/54 बीकानेर/ ृकाचीगुड़ा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर रेल मंत्री को पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों के स्टॉपेज से क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और लंबी दूरी की यात्रा सुविधाजनक हो सकेगी।

**कोरोना काल में बंद की गई ट्रेनों को फिर करें शुरू :-**नेपानगर स्टेशन के लिए ट्रेन संख्या 17605/06 काचीगुड़ा/ भगत की कोठी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। साथ ही कोरोना काल में बंद की गई ट्रेनों को पुन: पूर्ववत शुरू करने का अनुरोध किया गया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की लगातार सक्रियता के चलते अब क्षेत्र में इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय की उम्मीद बढ़ गई है। यदि प्रस्तावों को मंजूरी मिलती है,तो खंडवा, बुरहानपुर और नेपानगर क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी और मजबूत होंगी इस दौरान मध्य रेल समिति के सदस्य मनोज सोनी और नरेंद्र पाटील भी मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से मिलीं विधायक



**बुरहानपुर।** अर्चना चिटनिस पूर्व केबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश सरकार तथा वर्तमान विधायक बुरहानपुर से सुनील गोपाल दास गुजराती स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना श्रीमती ताराबेंन राधाकृष्ण शाह, दिनेश शत्रुघ्न चौहान, महेंद्रसिंह भरत सिंह राजपूत, शिल्पा जयकुमार दलाल, गणेश शत्रुघ्न चौहान, कु.आयुषी शैलेश शाह, अनमोल जयकुमार दलाल उत्तराधिकारियों ने भेंट कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों की समस्याओं से अवगत कराते हुए एक लिखित अनुरोध पत्र प्रदान कर मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र भेजने निवेदन किया।

# स्वच्छता अभियान चलाकर 5 ट्रॉली कचरा किया साफ



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत एमागिर्द के हमीदपुरा बायपास एवं आजाद नगर क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों से कचरे को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाया गया।

अभियान में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणों की सह भागिता रही। सभी के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र में व्यापक सफाई की गई तथा लगभग 5 ट्रॉली कचरा एकत्र कर उसका उचित निपटान किया गया। इस पहल से क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी। निर्देशित किया गया कि संबंधित स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कचरा फेंकने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही इन स्थलों पर निरंतर निगरानी बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। यह अभियान जल गंगा संवर्धन के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण की दिशा में एक अच्छा प्रयास है।

# जनगणना-2027 : फील्ड ट्रेनर्स का 3 दिवसीय प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी हर्ष सिंह के निर्देशन में जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण नगर पालिक निगम बुरहानपुर के एमआईसी हॉल में आयोजित रहा। प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी तथा अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदार, उपायुक्त रितेश पाटीदार की उपस्थिति में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में बुरहानपुर जिले के विभिन्न 8 चार्ज में नियुक्त 29 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की अवधारणाएं जनगणना के प्रथम एवं द्वितीय चरण संबंधी जानकारियां एवं प्रथम चरण में किये जाने वाले कार्यों को बारीकी से समझाया गया। जनगणना का कार्य डिजिटल माध्यम से किया जाना है इस हेतु उपयोग में आने वाली एचएलओ मोबाइल एप का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही प्रश्न पूछने एवं जवाब रिकॉर्ड करने संबंधी विषयों को समझने हेतु रोल प्ले इत्यादि के माध्यम से जानकारी दी गयी। यह प्रशिक्षण भोपाल से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स डॉ. दीपक शाह एवं सुदर्शन नाथ सेठी एवं जनगणना निदेशालय से विनय श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया।

# जिला संगठन प्रभारी का किया स्वागत



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** जिला भाजपा संगठन के प्रभारी क्षितिज भट्ट का गेस्ट हाउस स्वागत हुआ। उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर सभी से चर्चा की। इस दौरान जिला प्रभारी का पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश चौहान ने उनके निवास पर पुष्पमाला से स्वागत किया। राजेश चौहान ने बताया कि दूरदर्शी नेतृत्व व संगठन के प्रति समर्पण हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आगामी समय में उनके मार्गदर्शन में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन, सुनीता वाजपेयी, सरोज मुंहासे,गणेश खेते,नम्रता मालगुज़ार, योगेश प्रजापति, पुंडलिक महाजन, संजय विजयवर्गीय, नवनियुक्त एल्डरमैन उमेश सोनी, रामकिसन अग्रवाल, मनोज महेश्वरी, विक्रम चौहान, गिरीश निकम, ललित चौहान व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता सनातन और राष्ट्रवाद के ध्वज वाहक : जामवाल



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत गुरूवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर मंडल, बुरहानपुर जिले के शाहपुर एवं फोपनर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना नहीं है। भाजपा का लक्ष्य हर समाज वर्ग का कल्याण व उत्थान करना है। पार्टी कार्यकर्ताओं को नया सीखने और उनके कौशल को निखारने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक होता है। पार्टी कार्यकर्ता सनातन और राष्ट्रवाद के ध्वज वाहक हैं।

उन्होने कहा कि भाजपा संगठन हर समाज वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, यही कारण है कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। हमें पार्टी के सिद्धांतों के अनुसार काम करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना है। श्री अजय जामवाल ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन.पूजन कर खुशहाली की कामना की।

**भारत को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा आवश्यक :-** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत को वर्ष 2047 तक परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति आवश्यक है। आप सभी पार्टी कार्यकर्ता सनातन और राष्ट्रवाद के ध्वज वाहक हैं। आने वाले दिनों में बूथों पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे, जिनमें आप में से कई कार्यकर्ता प्रशिक्षण व वक्ता बनकर जाएंगे। इसलिए प्रशिक्षण की बारीकियों, अनुशासन और समय सारिणी का पूर्णत: पालन आवश्यक है। समय का पालन करने से स्वयं में अनुशासन आने के साथ कार्य भी समय पर पूरे होते हैं। पार्टी कार्यकर्ता सामाजिक समरसता के साथ समाज को अपने साथ जोड़कर भारत को परम वैभव तक पहुंचाने का कार्य करना है। कार्यकर्ता चुनौतियों को स्वीकार कर समाज के लोगों को अपने साथ जोड़कर कार्य करें तो हर लक्ष्य प्राप्त करना आसान हो जाएगा। श्री जामवाल ने बुरहानपुर में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हुकुमचन्द्र पूनमचन्द्र अग्रवाल, गुलचन्द्र सिंह पर्ने एवं श्री विश्वनाथ पाटिल को सम्मानित किया। बुरहानपुर जिले में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, पार्टी के प्रदेश मंत्री श्री क्षितिज भट्ट,जिला अध्यक्ष डॉ.मनोज माने,जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, मंडल टोली सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष संभाजी सगरे आदि मौजूद थे।

**एक नजर** — रहवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया विधायक अर्चना चिटनिस का स्वागत...

# ताजबाग-अंसार नगर में 28 लाख से सड़क-नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 26, राजेंद्र प्रसाद वार्ड अंतर्गत ताजबाग.अंसार नगर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को गति देते हुए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने लगभग 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीमेंटीकृत सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्य के प्रारंभ होने से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सड़क एवं जल निकासी की समस्या के समाधान की दिशा में ठोस पहल मानी जा रही है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस एवं महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल का भव्य स्वागत किया। नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और अपनत्व का माहौल देखने को मिला।

इस परियोजना के तहत लगभग 24 लाख रुपए की लागत से उच्च गुणवत्ता वाली सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया जाएगाए वहीं जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए लगभग 4 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य भी स्वीकृत किया गया है। सड़क एवं नाली निर्माण का यह संयुक्त कार्य क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा देगा।

ताजबाग.अंसार नगर के हाजी हमीद खान काटनवालेए सैयद तारीक एवं मोण्अकिल सहित क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि वे वर्षों से इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे। बरसात के दिनों में यहां की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती थी। सड़क पर कीचड़ए जलभराव और गड्ढों के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से स्कूली बच्चोंए बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए यह मार्ग अत्यंत कष्टदायक हो जाता था।

भूमिपूजन के अवसर पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क एवं नाली निर्माण जैसे कार्य सीधे तौर पर नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाते हैं और ऐसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ एवं समय.सीमा में पूर्ण किया जाए।

नागरिकों ने की सराहना, बताया संवेदनशील जनप्रतिनिधि

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध की कार्यशैली की खुलकर प्रशंसा की। नागरिकों ने कहा कि उन्होंने आज तक इतनी सक्रियए जागरूक और संवेदनशील जनप्रतिनिधि नहीं देखीए जो हर समस्या को गंभीरता से लेकर त्वरित समाधान के लिए तत्पर रहती हों। उन्होंने कहा कि श्रीमती चिटनिस सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही हैं और उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात ताजबाग.अंसार नगर के एक बड़े हिस्से के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा, आवागमन सुगम होगा तथा जलभराव की समस्या से स्थायी राहत प्राप्त होगी। यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगी।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, संभाजीराव सगरे, धनराज महाजन, गौरव शुक्ला, अबरार अहमद, रितेश सरोदे, एजाज अशरफी, चिंतामन महाजन, कैलाश पारिखए रुद्रेश्वर एंडोले, अजहर उल हक,अब्दुल शाहिद,शोएब औलिया,हाजी हमीद खान काटनवाले, सैयद तारीक, मोहम्मद अकील, मो.अहफाज, सैयद राशिद एवं आरिफहुसैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।